**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार )**
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)**

**क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,**
**पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर,**
**कानपुर-208005**
**PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005**
**Phone: 0512-2217957**
**Email:** rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-A-36/23/13/2/2021-Estt दिनांक- 13-08-2024

# परिपत्र

प्रवर श्रेणी लिपिक व एम.टी.एस. संवर्ग के उन कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति कारुण्य आधार/ स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत हुई है, को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय पत्र सं. A-12023/2/2023-Exam. Comp. No. (192565) दि. 07.08.2024 में दिए गए निर्देशानुसार दिनांक 18.09.2024 (बुधवार) को छःमाही कम्प्यूटर स्किल टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जाना है । अतः सभी संबंधितों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए दि. 14.08.2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर अपना आवेदन कम्प्यूटर स्किल टेस्ट परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/ अंग्रेजी) सहित अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ।

निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की दशा/स्थिति में आपको उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा जैसा कि कारुण्य आधार/ स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत नियुक्त किए गए कार्मिकों को जारी नियुक्ति प्रस्ताव में भी उल्लिखित है कि "नियुक्ति की तारीख से 6 माह की अवधि के अंदर आफिस सूट वं डाटाबेस सहित कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान अर्जित करना आवश्यक होगा । ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी ।" के अनुसार यथोचित कार्रवाई की जाएगी ।

उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालयाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अतंर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ प्रवर श्रेणी लिपिक व एम.टी.एस. संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

यह परिपत्र क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

**Signed by Anita Suresh**
**Date: 13-08-2024 12:58:53**

(अनिता सुरेश)
उप निदेशक (स्थापना-I)

प्रतिलिपिः-

1. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को इस आशय के साथ कि सभी अधीनस्थ संबंधित कार्मिको के संज्ञान में लाएँ एवं उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर लें तथा निर्धारित तिथि व समय तक कोई भी आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में NIL रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें । ।
2. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को इस आशय के साथ कि सभी अधीनस्थ संबंधित कार्मिको के संज्ञान में लाएँ एवं उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर लें तथा निर्धारित तिथि व समय तक कोई भी आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में NIL रिपोर्ट इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।
3. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को को इस आशय के साथ कि सभी अधीनस्थ संबंधित कार्मिको के संज्ञान में लाएँ एवं उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर लें ।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सू. को इस आशय के साथ कि सभी अधीनस्थ संबंधित कार्मिको के संज्ञान में लाएँ एवं उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर लें ।
5. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
6. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।